पंचदश बिहार विधान सभा

चतुर्दश सत्र

दैनिक विवरणिका

संख्या-05 वृहस्पतिवार, दिनांक- 03 जुलाई, 2014 ई० ।

माननीय अध्यक्ष, श्री उदय नारायण चौधरी की अध्यक्षता में सभा की बैठक प्रारंभ हुई ।

समय : 11.00 बजे पूर्वाह्न से 12.20 बजे अप० तक

[1] प्रश्नोत्तरकाल :-

(i) 01 अल्पसूचित प्रश्न उत्तरित ।

''प्रश्न का लोक महत्व का होने एवं मा० सदस्यों के मांग पर आसन से घोषणा की गई कि बिहार विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियमावली के नियम-94 के अन्तर्गत आज के लिए सूचीबद्ध कार्य समाप्ति के बाद 30 मिनट का समय वाद-विवाद के लिए निर्धारित किया जाता है ।

(ii) 01 अल्पसूचित प्रश्न अनागत ।

(iii) 08 तारांकित प्रश्न उत्तरित ।

(iv) 01 तारांकित प्रश्न क्रम सं०-159 के उत्तर के लिए समय लिया गया ।

(v) 46 तारांकित प्रश्न अनागत ।

[2] कार्यस्थगन :-

श्री भाई वीरेन्द्र एवं अन्य तीन सभासदों से प्राप्त कार्यस्थगन की सूचना नियमानुकूल नहीं रहने के कारण अमान्य किए जाने की घोषणा आसन से की गई ।

[3] शून्यकाल :-

शून्यकाल की सूचना अन्तर्गत राज्य की विभिन्न समस्याओं की ओर निम्नांकित मा० सदस्यों द्वारा सरकार का ध्यान आकृष्ट किया गया :-

(i) श्री दिनेश कुमार सिंह
(ii) श्री प्रदीप कुमार
(iii) श्री राजेश्वर राज
(iv) श्री ललन राम
(v) श्री राज कुमार राय
(vi) श्री वीरेन्द्र कुमार सिंह
(vii) डा० इजहार अहमद

[4] ध्यानाकर्षण सूचनाएँ :-

(i) मा० सदस्य श्री मंजीत कुमार सिंह एवं अन्य सभासदों का ग्रामीण विकास विभाग / नगर विकास एवं आवास विभाग से संबंधित तथा दिनांक 30 जून 2014 से स्थगित ध्यानाकर्षण सूचना का उत्तर मा० मंत्री श्री नीतीश मिश्रा द्वारा दिया गया ।

(ii) मा० सदस्य श्री सोने लाल हेम्ब्रम एवं अन्य सभासदों का सामान्य प्रशासन विभाग से संबंधित ध्यानाकर्षण सूचना को मा० सदस्य द्वारा पढ़ा गया तथा इसके उत्तर के लिए सरकार द्वारा समय लिया गया ।

(iii) मा० सदस्य श्री राघवेन्द्र प्रताप सिंह एवं अन्य सभासदों का शिक्षा विभाग से संबंधित ध्यानाकर्षण सूचना को मा० सदस्य द्वारा पढ़ा गया तथा इसके उत्तर के लिए सरकार द्वारा समय लिया गया ।

''इस दौरान भाजपा के मा० सदस्यगण अपनी विभिन्न मांगों को लेकर नारेबाजी करते हुए वेल में आ गए । आसन से उनसे बार-बार अनुरोध किया गया कि वे शांत रहें और अपनी सीट पर जाएं ; लेकिन सदन में शांति कायम नहीं हो सकी तथा सभा की बैठक 02.00 बजे अप० तक के लिए स्थगित हुई ।

<u>भोजनावकाश के बाद</u>

समय 2.00 बजे अप० से 5.40 बजे अप० तक ।

[5] <u>वित्तीय कार्य :- वित्तीय वर्ष 2014-15 के आय-व्ययक में सम्मिलित अनुदान की मांग पर वाद-विवाद तथा मतदान</u> :-

शिक्षा विभाग :-

मा० प्रभारी मंत्री श्री वृषिण पटेल द्वारा शिक्षा विभाग से संबंधित अनुदान की मांग का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया ।

माननीय सदस्य श्री विक्रम कुँवर द्वारा शिक्षा विभाग की मांग पर विचार-विमर्श हेतु कटौती का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया ।

अनुदान की मांग तथा कटौती प्रस्ताव पर वाद-विवाद में निम्नांकित माननीय सदस्यों ने भाग लिया :-

(i) श्री रामेश्वर प्रसाद
(ii) श्रीमती उषा सिन्हा

(इस अवसर पर मा० अध्यासी सदस्य श्री हरिनारायण सिंह ने आसन ग्रहण किया ।)

(iii) श्री अब्दुल गफूर
(iv) श्री अरूण मांझी
(v) श्री विनोद नारायण झा
(vi) श्री दुर्गा प्रसाद सिंह
(vii) डा० अरूण कुमार
(viii) श्री नितिन नवीन
(ix) श्रीमती ज्योति रश्मि
(x) श्रीमती मंजू वर्मा
(xi) श्री दिलीप वर्मा
(xii) श्री पवन कुमार जायसवाल
(xiii) श्री विजय कुमार सिन्हा

(मा० अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया ।)

(xiv) श्री कृष्णनन्दन यादव

मा० प्रभारी मंत्री शिक्षा विभाग द्वारा वाद-विवाद का सरकार की ओर से उत्तर दिया गया ।

(''उत्तर से असंतुष्ट होकर भाजपा के मा० सदस्यगण सदन से बर्हिगमन कर गए ।'')

सदन द्वारा माननीय सदस्य श्री विक्रम कुँवर का कटौती प्रस्ताव अस्वीकृत हुआ तथा शिक्षा विभाग से संबंधित अनुदान की मांग का प्रस्ताव स्वीकृत हुआ ।

वाद-विवाद के प्रारम्भ होने के समय पुन: भाजपा के मा० सदस्यगण सदन में आ गए ।

[6] मा० सदस्य श्री मंजीत कुमार सिंह के अल्पसूचित प्रश्न संख्या-06 ''अनाज की आपूर्ति'' शीर्षक पर नियम-94 के अन्तर्गत वाद-विवाद :-

वाद-विवाद में निम्नांकित मा० सदस्यों ने भाग लिया :-

(i) श्री मंजीत कुमार सिंह
(ii) श्री नन्द किशोर यादव
(iii) श्री दुर्गा प्रसाद सिंह
(iv) श्री मो० आफाक आलम

''सदन की सहमति से कार्य निष्पादन होने तक सदन की अवधि का विस्तार किया गया ।''

मा० मंत्री खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग श्री श्याम रजक द्वारा वाद-विवाद का उत्तर दिया गया ।

[7] <u>निवेदन</u> :-

आसन से घोषणा की गई कि आज के लिए स्वीकृत कुल 22 निवेदनों को सदन की सहमति से संबंधित विभागों को भेज दिए जाएगें ।

तत्पश्चात् सभा की बैठक शुक्रवार, दिनांक 04 जुलाई, 2014 के 11.00 बजे पूर्वाह्न तक के लिए स्थगित हुई ।

पटना
दिनांक-03.07.2014

हरेराम मुखिया
प्रभारी सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।